तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 23 फरवरी 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 आधुनिकता के दौर में बैलगाड़ी से निकली बारात


12 बीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण


विनम्र अपील
सिहावा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए, भाजपा समर्थित प्रत्याशीयों के पक्ष में मतदान करें
सिहावा विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदाता बन्धुओं, किसान भाईयों, माताओं और भविष्य के सपने संजोए युवा साथियों, आज 23 फरवरी 2025 के शुभ दिन पर आप सभी को सिहावा विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्यों और जनपद पंचायत सदस्यों के लिए सशक्त एवं प्रभावशाली प्रतिनिधि का चुनाव करना है, भारतीय जनता पार्टी सिहावा विधानसभा क्षेत्र आप सबसे करबद्ध निवेदन करती है कि
जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 11, 12 एवं 13 से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु
भाजपा के समर्थित प्रत्याशी
जिला पंचायत क्षेत्र क्र.11 अजय फत्तेलाल ध्रुव दो पत्ती 1 नम्बर
जिला पंचायत क्षेत्र क्र.12 अरूण कुमार सार्वा उगता सूरज 2 नम्बर
जिला पंचायत क्षेत्र क्र.13 श्रीमती गरिमा धनुष नेताम दो पत्ती 1 नम्बर
एवं जनपद पंचायत नगरी के, 25 जनपद क्षेत्रों में, जनपद सदस्य पद हेतु, चुनाव में आपका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए, चुनावी समर में उतरे, भारतीय जनता पार्टी के सभी समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में उनके चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनावें।
श्री प्रकाश बैस
जिलाध्यक्ष भाजपा जिला धमतरी
विनीत :- समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी सिहावा विधानसभा क्षेत्र 56

विनम्र अपील
विश्वास के साथ साथ विचार करें
प्रिय क्षेत्रवासियों, मेरे किसान भाईयों, माताओं और भविष्य के सपने संजोए मेरे युवा साथियों
सादर अभिवादन !
आज 23 फरवरी 2025 को जिला पंचायत क्षेत्र कमांक 12 के लिए आप सभी को एक सशक्त एवं प्रभावशाली प्रतिनिधि का चुनाव करना है। मैं अरूण सार्वा आपका बेटा, भाई और साथी आज आप सब से दिल की बात कहने आया हूं।
हमारा यह क्षेत्र सिर्फ जमीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की विरासत, हमारे बच्चों का भविष्य और हमारी मेहनत का परिणाम है। यहाँ की मिट्टी ने हमें पाला, हमारे खेतों ने हमारा भरण-पोषण किया और हमारे जंगलों ने हमारी पहचान को सहेजा है। अब समय आ गया है कि हम अपने क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास के लिए एक निर्णायक कदम उठाएँ। 23 फरवरी 2025 को मतदान सिर्फ एक प्रक्रिया नहीं, यह हमारे अधिकारों को मजबूत करने का अवसर है। यह तय करने का दिन है कि आने वाला कल कैसा होगा रुकावटों से भरा या विकास की तेज रफ्तार से दौड़ता हुआ!
आज हमारे पास 'ट्रिपल इंजन की सरकार' बनाने का अवसर है
- केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सरकार, जो 'विकसित भारत' का सपना लेकर आगे बढ़ रही है।
- छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का मजबूत नेतृत्व, जो हर गरीब, किसान और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।
- स्थानीय स्तर पर आपका अपना सेवक अरुण सार्वा, जो आपके हर संघर्ष, हर चुनौती और हर जरूरत में आपके साथ खड़ा है।
मेरा सपना और संकल्प है कि -
- हमारा किसान सिर्फ खेतों में पसीना बहाने वाला न रहे, बल्कि आधुनिक तकनीकों से संपन्न होकर अपनी आमदनी कई गुना बढ़ाएं। उन्नत खेती, जैविक उत्पादन, ड्रिप इरिगेशन और सरकारी योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुँचाना मेरी प्राथमिकता है।
- कमार समाज का उत्थान सिर्फ नारों से नहीं होगा, बल्कि ठोस कार्यों से होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, वनाधिकार पट्टा, स्वरोजगार और हर सरकारी योजना का लाभ समाज के हर व्यक्ति तक पहुँचे, यह मेरा संकल्प है।
- युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करना हो, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना हो, गरीबों के घर तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना।
- व्यसन मुक्त समाज का निर्माण करना, संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण करना।
मैंने बहुत ही छोटे स्तर पर किसानी कार्य प्रारंभ करके अपनी जीवन यात्रा शुरू की, संघर्ष किया, आगे बढ़ा और अब समाज कि सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करना चाहता हूं आप सभी देवतुल्य मतदाता भाई बहनों एवं युवाओं से सादर अपील करता हूं कि आज दिनांक 23 फरवरी 2025 को आयोजित मतदान त्यौहार में शामिल होकर, मत पत्र में नम्बर 2 पर चुनाव चिन्ह उगता सूरज में मुहर लगाकर विकास के प्रति मेरी भावना और संकल्प को समर्थन प्रदान करते हुऐ अपना अमूल्य समर्थन देकर विजय आशीर्वाद प्रदान करें !
आशीर्वाद और स्नेह की आंकाक्षा सहित आपका भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुण सार्वा
जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु
अरुण सार्वा
उगता सूरज 2 नम्बर पर मुहर लगाकर प्रचण्ड मतों से विजयी बनायें

## खबर संक्षेप



### सांकरा में मानस सम्मेलन 25 से

**नगरी।** ग्राम सांकरा में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय श्री रामचरित्र मानस सम्मेलन का आयोजन 26 से 28 फरवरी तक किया गया है। मानसगान के शुभारंभ पर 25 फरवरी मंगलवार को ग्राम सांकरा की मानस मंडलियों का मंचन होगा। मानस सम्मेलन समिति की तैयारी में अध्यक्ष सुरेश साहू, उपाध्यक्ष गिरवर मंडारी, सचिव नागेन्द्र बोरछा, कोषाध्यक्ष तीरथ राम साहू, सहसचिव छगनलाल साहू, पूनमचंद सिन्हा, उपाध्यक्ष शिवशंकर चौरिसिया, फूलचंद साहू, मनोज कश्यप, कृथाराम नाम, महेश साहू, उदे बोरझा सहित ग्रामवासी जुटे हैं।

### चरोटा में भानेतत पटेल सरपंच निर्वाचित

**धमतरी।** ग्राम पंचायत चरोटा (लोहारपथरा) की सीट अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने पर आधा दर्जन महिला



प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। श्रीमती भानेतत पटेल ने जनसेवा की भावना को लेकर चुनावी मैदान में उतरी। श्रीमती पटेल भारी मतों के अंतर से सरपंच निर्वाचित हुई। श्रीमती पटेल ने कहा कि जिस आशा और विश्वास से जनता ने मुझे बहुमत प्रदान किया है, मैं उस विश्वास को बरकरार रखूंगी। पूरी पारदर्शिता के साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाऊंगी।

### जीत की खुशी में निकाली विजय रैली



**धमतरी।** ग्राम सांकरा में उदयराम साहू सरपंच चुने गए। जानकारी के अनुसार उदयराम साहू ने पूर्व में साहू समाज अध्यक्ष, वार्ड पंच एवं जरही माता ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी हैं। उदयराम ने जीत की खुशी में गांव में विजय रैली निकाली। यह जानकारी गोविन्द चक्रधारी ने दी है।

### सात कुंडीय यज्ञ 24 से

**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम चोरभट्ठी में शिवरात्रि पर्व पर तीन दिवसीय सात कुंडीय यज्ञ 24 से 26 फरवरी तक रखा गया है। आदर्श विवाह का भी आयोजन होगा। तैयारी में समिति के सचिव सुरेश साहू, उत्तम साहू, टेकराम ध्रुवंशी, कलीराम साहू, रामस्वरूप साहू, पालू साहू, इंदल साहू, श्रीमती ध्रुवंशी, द्रौपदी साहू, खिलेश्वरी साहू व अन्य जुटे हैं।

### निधन

#### यशवंत सिंह ठाकुर

**धमतरी।** स्थानीय रिसाईपारा निवासी यशवंत सिंह ठाकुर उम्र 75



वर्ष का 21 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शांतिघाट में किया गया। वे श्रीमती इंद्राणी ठाकुर के पति व श्रद्धा ठाकुर, श्रुति ठाकुर के पिता थे। वे भारतीय खाद्य निगम में प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

सुबह सात बजे शुरू होगा मतदान, चुनाव कराने दल सामग्री लेकर हुए रवाना

# आज 92 सरपंचों, 25 जनपद सदस्यों और तीन जिपं सदस्यों के लिए वोट डाले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत तीसरे चरण का मतदान जनपद पंचायत नगरी में आज 23 फरवरी रविवार को सुबह सात बजे से शुरू होगा। शनिवार की सुबह से शासकीय श्रृंगीऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी से मतदान सामग्री लेकर दल अपने अपने केन्द्रों के लिए रवाना हुए। इस पंचायत चुनाव में नगरी जनपद क्षेत्र के एक लाख 27 हजार 251 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगरी जनपद क्षेत्र में तीसरे चरण में 92 सरपंचों, 25



जनपद सदस्यों और तीन जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। जनपद क्षेत्र में 65 हजार 656 महिला और 61 हजार 593 पुरूष मतदाताओं के साथ एक अन्य श्रेणी का मतदाता भी वोट डालेगा। नगरी जनपद क्षेत्र में कुल 102 ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पद के लिए नामांकन प्राप्त किए गए हैं। इनमें से 10 ग्राम पंचायतों में सरपंचों का निर्वाचन निर्विरोध हो गया है। इसी तरह कुल 1378 पंच पदों में से 829 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया जा चुका है। नगरी



जनपद क्षेत्र में अब 92 सरपंच पदों पर निर्वाचन के लिए 328 अभ्यर्थी और 549 पंच पद के लिए 1284 प्रत्याशी मुकाबले में हैं। नगरी जनपद क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 249 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। 25 जनपद सदस्य पद के लिए 82 और तीन जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगरी पंचायत निर्वाचन क्षेत्र को शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए 17 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इन सेक्टरों में 41 रूट चिन्हांकित किए गए हैं। मतदान के लिए लगभग 275 मतदान दल बनाए गए हैं। जनपद पंचायत नगरी कार्यालय को निर्वाचन के लिए मुख्य कंट्रोल रूम बनाया गया है।

नगरी हाईस्कूल मैदान से सभी मतदान दलों को कड़ी सुरक्षा के साथ रवाना किया गया। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी नगरी राजस्व रामकृपाल, रिटर्निंग ऑफिसर (डिप्टी कलेक्टर) तेजपाल सिंह ध्रुव, जनपद सीओ विमल कुमार साहू, एडिशनल एसपी शैलेन्द्र कुमार सहित अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पूजा दरबा पंचायत की सरपंच बनी



**जीजामगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिकांश जगह पर भाजपा समर्थित प्रत्यशी ने जीत हासिल कर भाजपा का मान बढ़ाया है। इसी क्रम में ग्राम दरबा में भाजपा समर्थित प्रत्याशी पूजा गुलशन साहू ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। चुनावी मैदान में तीन प्रत्याशी होमेश्वरी साहू, लकेश्वरी देवांगन एवं पूजा साहू खड़ी थी जिसमें पूजा गुलशन साहू 888 मत प्राप्त कर 598 वोटों से विजयी रही। वार्ड पंच रामेश्वरी बंजारे, दिनेश साहू, गुलशन साहू, योगेश साहू, नूतन साहू, सोम प्रकाश साहू, रेखा सपहा, ज्योति वर्मा, सुमित्रा सपहा, पूर्णिमा साहू, पार्वती यादव, कमलेश साहू, खेमचंद साहू, कन्हैया रात्रे, कीर्ति बाई चुने गए। विजय होने के बाद सरपंच सहित पंचों का ग्रामीणों ने स्वागत किया।

## एनएच 30 में ट्रैक्टर से भिड़ी कार, 1 की मौत, 9 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

- ग्राम कोड़ेबोड़ डिवाइडर के समीप हुआ हादसा

नेशनल हाईवे 30 पर बिरेझर चौकी अंतर्गत ग्राम कोड़ेबोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। इस घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 9 लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची बिरेझर चौकी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 22 फरवरी की दोपहर लगभग 3 बजे जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही कार कोड़ेबोड़ गांव के पास पहले एक बाइक से टकराई फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रहे ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में कार सवार महिला संध्या देवांगन 50 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार अन्य लोग घायल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। वहीं घटना की जानकारी



मिलते ही मौके पर पहुंची बिरेझर चौकी पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। ट्रैक्टर पर त्रिवेणी साहू पति श्रवण साहू उम्र 38 वर्ष, श्रीराम साहू पीता लतखोर साहू 35 वर्ष, भुवनेश्वरी मरकाम पति कन्हैया मरकाम उम्र 40 वर्ष, फुलवा बाई साहू पति शिवदयाल साहू उम्र 60 वर्ष, लोकेश्वरी निर्मलकर पति देव निर्मलकर उम्र 35 वर्ष सवार थे। मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ईश्वर तारक उम्र 60 वर्ष ग्राम बकली निवासी हैं। कार में सवार व्यक्ति संध्या देवांगन पति मनोज देवांगन उम्र 50 वर्ष, मनोज देवांगन उम्र 60 वर्ष, सुमित देवांगन पिता मनोज देवांगन उम्र 29 वर्ष, अमन देवांगन पिता मनोज देवांगन उम्र 24 वर्ष सवार थे। बिरेझर चौकी के एएसआई दक्ष कुमार साहू ने बताया कि जगदलपुर से रायपुर की ओर कार क्रमांक सीजी 17 केआर 9080 जा रही थी। तभी मोड़ के पास बाइक क्रमांक सीजी 04 एमबी 4975 का चालक का आलेखुंटा की ओर मुड़ गया। कार बाइक से टकराई इसके बाद अनियंत्रित होकर दूसरी दिशा में खड़े ट्रैक्टर से भी जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार महिला की मौत हो गई। घायलों का इलाज जारी है।

### जामबाई ने करुणा को 66 वोट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में 17 फरवरी को ग्राम राजपुर में शांतिपूर्ण मतदान हुआ, जिसमें जामबाई जागेश्वर सिन्हा ने 66 वोट से जीत दर्ज की।



अपने निकटम प्रतिद्वंदी करुणा विजय यदु को हराया। 1 से 7 बूथ में 291 एवं 8 से 13 तक बूथ में 304 मत पाकर कुल 66 मतों से जीत हासिल की है। श्रीमती जामबाई ने कहा कि ग्राम विकास समिति के साथ मिलकर बिना भेदभाव के गांव का समुचित विकास उनका लक्ष्य है।

## अनिरुद्ध का असम राइफल में चयन

- ट्रेनिंग में जाने के पूर्व ग्रामीणों ने रखा विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम राजपुर निवासी अनिरूद्ध कंवर पिता स्व. परमेश्वर कंवर का एसएससी जीडी असम राइफल में सिपाही पद पर चयन हुआ है। देश की सेना का महत्वपूर्ण अंग असम राइफल बल को माना जाता था। अनिरूद्ध गांव का पहला युवक है जिसका चयन असम राइफल में हुआ है। युवक के प्रशिक्षण में जाने से पूर्व बाजार चौक में ग्रामीणों ने विदाई समारोह आयोजित किया। फूलमाला, गुलाल लगाकर उन्हें सहसम्मान विदाई दी गई। समारोह



में ग्रामीण अध्यक्ष जनक राम सिन्हा, सचिव गिरवर यदु, कोषाध्यक्ष पूनम सिन्हा, कन्हैया निषाद, बिरझू कंवर, केवल कंवर, तेजेश्वर कंवर, शिक्षक नेमसिंह दीवान, पवन निषाद, सरपंच जाम बाई सिन्हा, पूर्व सरपंच प्रीत बाई कंवर, आनंद सिन्हा, यशवंत साहू, रामजी ध्रुव, पुरानिक ध्रुव, नकुल ध्रुव, पूर्व सरपंच विश्वनाथ कंवर, प्रीतम यादव, लाला साहू, रोहित पटेल, खेमसिंह कंवर, तनुज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## देवचरण जीजामगांव के सरपंच बने

- जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 24 से गंगाबाई जनपद सदस्य बनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम जीजामगांव के पंचायत चुनाव में भाजपा को बहुमत मिला है। सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के पद पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। ग्राम जीजामगांव में सरपंच पद के लिए कुल चार प्रत्याशी भाजपा से देवचरण चंद्राकर, कांग्रेस से मोहित साहू, बहुजन समाज पार्टी से लालचंद पटेल और निर्दलीय प्रत्याशी भागीराम साहू चुनावी मैदान में थे। मतदाताओं ने देवचरण चंद्राकर को 389 के बहुमत के साथ जीत का ताज़ पहनाया है। इसी प्रकार जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 24 के लिए कुल 3 प्रत्याशी मैदान में थे। भाजपा से गंगा बाई साहू, कांग्रेस से संगीता साहू और निर्दलीय प्रत्याशी ललिता साहू थी। गंगा साहू जनपद



गंगाबाई साहू



देवचरण चंद्राकर



कुलेश्वरी गायकवाड़

क्षेत्र क्रमांक 24 में अपने गृह ग्राम जी जा म गां व समेत अन्य पांच गांवों से लगभग 1200 वोटों की बढ़त के साथ विजयी हुई। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 से भाजपा से कुलेश्वरी गायकवाड़, कांग्रेस से अनुसुइया, निर्दलीय प्रत्याशी टिकेश्वरी मारकंडे एवं तारिणी थी। इसमें कुलेश्वरी गायकवाड़ 8000 मतों से विजयी रही।

### दरगहन में भाजपा प्रत्याशी भुनेश्वरी बनी सरपंच



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत दरगहन में भाजपा समर्थित प्रत्याशी भुनेश्वरी भीम साहू सरपंच बनी। वे भाजपा की ओर से चौथी बार सरपंच होंगी। जीत हासिल करने के बाद गांव में विजय जुलूस और आभार रैली निकाली गई। डीजे की धुन पर ग्रामीण जमकर थिरके। इस दौरान गोवर्धन ध्रुव, बोहरिक ध्रुव, सुदर्शन साहू, बिमल दास, चुनेशवर यादव, दयानंद, नटवर साहू, श्रीमती लता ध्रुव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## लोगों को मच्छरों से बचाने वार्डों में फॉगिंग लार्वा हिट तथा डेल्टा मैथलीन का छिड़काव

- घरों के आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गर्मी का सीजन आते ही शहर में जानलेवा मच्छरों की संख्या बढ़ गई है। मच्छरों के काटने से मलेरिया, डेंगू, फायलेरिया, टायफाइड जैसी बीमारियां हो रही है। निगम ने मच्छरों के खात्मा के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर निगम प्रशासन ने पूरे शहर में रूट चार्ट तैयार कर लिया है। रूट के हिसाब से टीम बनाकर फॉगिंग मशीन चलाई जा रही है। मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए लार्वा हिट और डेल्टा मैथलीन दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। इसके अलावा नालियों की सफाई का काम तेज कर दिया गा





है। नालियों के बहाव को ठीक करने प्रतिदिन कचरा निकाला जा रहा है। इसके लिए सभी 40 वार्डों के लिए कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। लार्वा हिट और डेल्टा मैथलीन दवाई से मच्छर नष्ट हो जाते हैं। मच्छरों की प्रजनन क्षमता रूक जाती है। टीम रूट चार्ट का पालन करके रात्रि में फॉगिंग मशीन चल रही है। निगम के अधिकारी प्रतिदिन शहर का निरीक्षण कर लोगों से संवाद कर रहे हैं।

आयुक्त प्रिया गोयल ने शहरवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि मच्छरों से बचने अपने घरों के आसपास की सफाई करें। पुराने टायर, कूलर, गड्ढे, पानी टंकी में जमे गंदे पानी को साफ करें। ख्याल रखें कि पानी इकट्ठा होने न पाएं। खुले मैदान में गंदा पानी का जमावड़ा रोके। अनावश्यक सामान जिसमें पुरानी प्लास्टिक, बोतलें आदि को हटाकर साफ करें। आयुक्त ने कहा कि यह अभियान अब शहर के सभी 40 वार्डों में निरंतर चलेगा। लोगों की शिकायत पर संबंधित क्षेत्र में सफाई टीम भेजी जायेगी। दवाइयों का छिड़काव किया जाएगा।

## निजी विद्यालय संघ अपनी मांगों को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलेगा

- पांचवीं और आठवीं की परीक्षा बोर्ड प्रणाली से करने के निर्णय का किया स्वागत

**धमतरी।** निजी विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा पांचवीं और आठवीं कक्षा की परीक्षा को बोर्ड प्रणाली के तहत आयोजित करने के निर्णय का स्वागत किया गया। इस निर्णय को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। संघ ने यह भी मांग रखी कि केंद्र सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी परीक्षा प्रणाली में संशोधन कर छात्रों को योग्यता के आधार पर प्रमोशन की व्यवस्था लागू की जाए। बैठक में बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करे इस विषय पर विशेष सुझाव दिए गए। निजी विद्यालयों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए जिले का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव और शिक्षा संचालक से मुलाकात करेगा। बैठक में सुबोध राठी, धीरज अग्रवाल, अशोक देशमुख, विनोद पांडेय, महमूदा खान, पारख दास मानिकपुरी, भूपेश चौधरी, अनीश मिर्जा, गजेंद्र पटेल, यशोदा सोनकर, कमलेश राठौड़ उत्तम कुमार साहू, हीराराम साहू, मुकेश राव, मोहन सोनी, शिवराज साहू, पीके साहू, हिमांशु पांडेय, चंद्रहास बघेल, लोमश कुमार, प्रकाश कुमार साहू, चूड़ामणि साहू, चंद्रशेखर चेटियार, अनूप मिश्रा, महेंद्र सिंह यादव, प्रतीक्षा बाबर, शैलेश जगताप, नम्रता पाठक, सौरभ साहेब, विशाल पदमशाली, प्रीति शर्मा, दिनेश गोस्वामी सहित नगरी, कुरूद, मगरलोड धमतरी ब्लॉक के प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के सचिव तरूण भांडे ने दी।

## मतगणना में धांधली का लगाया आरोप

- गिरवरलाल ने निर्वाचन अधिकारी से पुन: मतगणना की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत चिंवरी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान मतगणना में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। चिंवरी के मतदान केंद्र क्रमांक 179 पूर्व माध्यमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक 1 में हुए मतदान का वार्ड नंबर 14 है। इसके लिए दो उम्मीदवार गिरवर लाल साहू और भोलाराम साहू थे। गिरवर लाल साहू की जानकारी के अनुसार 20 फरवरी को मतदान के बाद वार्ड 14



के मतों की गणना की गई तो पाया गया कि 1 मत फर्जी तरीके से अतिरिक्त डाला गया है। वार्ड नम्बर 14 में कुल 80 मतदाता है। जिसमें से एक मतदाता गंगाबाई साहू की मृत्यु हो गई है और दूसरा मतदाता रामप्रसाद साहू शिक्षक ने चुनावी ड्यूटी होने से मतदान नहीं किया। इस तरह कुल 78 मतदाताओं का मतदान हुआ है। मतगणना के पश्चात परिणाम स्वरूप पंच प्रत्याशी भोलाराम साहू को 39 मत एवं गिरवरलाल साहू को 38 मत मिलना बताया गया और 2 मत रिजेक्ट किए गए। इसमें मजे की बात यह है कि मतदाता 78 हैं और मत 79 पड़े हैं। गिरवर लाल साहू ने आगे बताया कि गणना के दौरान ही उन्होंने 1 अतिरिक्त फर्जी मत की जानकारी मांगी लेकिन मौके पर उपस्थित पीठासीन अधिकारी द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया और विपक्ष के लोगों ने भी उन्हें चुप करा दिया। निर्वाचन अधिकारी कुरूद को 21 फरवरी शुक्रवार को आवेदन दिया गया है लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। आवेदक गिरवर लाल साहू ने पुनः मतगणना की मांग की है।

Pride of Dhamtari

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग

ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
शुद्ध आहार शाकाहार

धमतरी
निगम सामुदायिक भवन
राखेचा भवन
भवन सुविधा उपलब्ध
94063-16777
73890-66777
शांतिपुर पुरूर
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

### बैलगाड़ी वाली बारात देखकर चौंके लोग

# आधुनिकता के दौर में बैलगाड़ी से निकली बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बैलगाड़ियों पर बारात जाना गुजरे जमाने की बात हो चुकी है लेकिन एक पोस्ट ग्रेजुएट युवक ने अपनी शादी पर बैलगाड़ियों से बारात निकालकर छग में विलुप्त हो रही संस्कृति को संजोने का सराहनीय प्रयास किया है।

आधुनिकता के इस दौर में शादी पर लोग पानी की तरह पैसा बहाते हैं। शादी को यादगार बनाने नये-नये तरीके अपनाते हैं। यही नहीं बारात में महंगी कार व लग्जरी वाहन एवं घोड़ी बग्घी का उपयोग कर रहे हैं। यहां तक कि दूल्हे को मंडप तक पहुंचाने चॉपर का भी उपयोग कर रहे हैं। ऐसे समय में बैलगाड़ी से



बारात जाना गुजरे जाने की बात लगती है लेकिन इस आधुनिकता के दौर में भी उच्च शिक्षा प्राप्त नगरी के ओमप्रकाश निषाद ने अपनी शादी पर बैलगाड़ियों से बारात निकालकर छग की सभ्यता व संस्कृति को संजोने का काम किया है। पहले जमाने में हमारे पूर्वज द्वारा बैलगाड़ियों से ही बारात लेकर जाते थे। ओमप्रकाश ने फिर से पुराने दिनों की याद दिला दी है।

धमतरी जिले के नगरी की पुरानी बस्ती के कोटपारा के रहने वाले ओमप्रकाश ने एमएससी व पीजीडीसीए की पढ़ाई की है। वर्तमान में वह आदिम जाति सेवा समिति नगरी के धान उपार्जन केन्द्र में कार्यरत हैं। युवक की शादी ग्राम हीरापुर की कामिनी से तय हुई है। निर्धारित तिथि को शादी कार्यक्रम शुरू हो गया। बीते गुरूवार को युवक की बारात निकली। बारात जाने उन्होंने महंगी लग्जरी वाहन छोड़ बैलगाड़ियों से जाना पसंद किया। बैलगाड़ियों को फूलों से सजाया गया था। उसके बाद दूल्हा सहित अन्य बाराती बैलगाड़ियों में सवार होकर दुल्हन लाने निकल गए। बैलगाड़ियों से निकली बारात को देख ग्रामीण देखते रह गए। पूर्वजों के जमाने को याद कर युवक की प्रशंसा की।

**विलुप्त हो रही संस्कृति को संजोने का प्रयास**

दूल्हा ओमप्रकाश ने मीडिया को बताया कि पुराने समय में बैलगाड़ियों से ही बारात जाते थे। यह संस्कृति आधुनिकता के चलते विलुप्त हो गई है। पुरातन संस्कृति को संजोए रखने के उद्देश्य से ही बैलगाड़ी से बारात निकाली गई है।

# गणित घर पर बन जाता है पर परीक्षा में भूल जाती हूं



■ हेल्पलाइन में 10वीं, 12वीं के विद्यार्थी विषय विशेषज्ञों से पूछ रहे विषय संबंधी प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाई व हायर सेकेण्डरी परीक्षा के 15 दिन पूर्व हेल्पलाइन 2025 का संचालन मण्डल की अध्यक्ष रेणु पिल्ले, सचिव पुष्पा साहू के निर्देशन में किया जा रहा है। प्रथम चरण का संचालन 15 से 27 फरवरी तक व द्वितीय चरण का संचालन 28 फरवरी से 27 मार्च तक किया जाएगा जिसमें परीक्षा के एक दिन पूर्व विषय विशेषज्ञों छात्रों की समस्या का समाधान करेंगे। हेल्पलाइन में गुरुवार व शुक्रवार को रसायन तथा विज्ञान विषय के विशेषज्ञ सुनीता पाण्डेय शाउमा वि. गोढी, भौतिक विषय हेतु विकास गेडाम और कुमकुम झा, गणित विषय हेतु डॉ. रितु श्रीवास्तव द्वारा परीक्षा की तैयारी के संबध में 10वीं, 12वीं के विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया गया। मनोरोग विशेषज्ञ अरुणा जैन ने परीक्षा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण किया।

कोरबा, बलौदाबाजार, रायपुर, धमतरी, महासमुंद, कवर्धा, जांजगीर, बिलासपुर, बेमेतरा से विद्यार्थियों ने अनेक विषय संबंधी प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासा को शांत किया। छात्रा वैष्णवी ने कहा कि गणित घर पर बन जाता है पर परीक्षा में भूल जाती हूं। युवराज ने रासायनिक समीकरण याद करने की तरकीब बताई। हेल्पलाइन का संचालन उपसचिव जेके अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार साहू सहायक प्राध्यापक द्वारा किया जा रहा है।

# क्षेत्रवासियों का कराया मुंह मीठा





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सुदूर वनांचल क्षेत्र बोराई के बस स्टैंड चौक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान केक सेरेमनी के बाद गुलाबजामुन से क्षेत्रवासियों का मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समधी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से नवनिर्वाचित सदस्य टीकाराम कंवर भी शामिल हुए। उन्हें अपने बीच पाकर ग्रामवासी गदगद हो गए।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, शत्रुघ्न साहू, गणेश साहू, सत्तू यादव, श्रीमती गरिमा नेताम, दुर्योधन नेताम , राधेश्याम ध्रुव, राजेश्वरी ध्रुव, श्रीमती पुष्पा साहू, राधिका साहू, रोहित, मोहन साहू , मिथिलेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए।

## सलोनी स्कूल में डोनेट अ बुक कैंपेन का आयोजन

**धमतरी**। पढ़बो पढ़ाबो थीम अंतर्गत डोनेट अ बुक कैंपेन का आयोजन शाउमावि सलोनी में शिक्षक घनश्याम सिंह साहू द्वारा किया गया। इसके अंतर्गत विदयालय में पुरानी एवं उपयोगी पुस्तकें जैसे महापुरुषों की जीवनी, प्रतिभावान बच्चों की जानकारी, छग की ऐतिहासिक धरोहर, प्रमुख तीर्थधाम एवं पर्यटन स्थल, परीक्षा सार, पर्यावरण प्रबंधन आदि दान करते हैं।

# एक लाख किसानों को मिलेगी 23 करोड़ की सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीएम किसान सम्मान निधि कल किसानों के खाते में डाली जाएगी। जिले के 1 लाख से ज्यादा किसानों को किसानों को इस निधि का लाभ मिलेगा। वहीं कई किसान जो ई-केवाईसी, आधार लिंक नहीं करवाया है, उनकी किस्त रूक सकती है।




24 फरवरी किसानों के लिए खास रहने वाला है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त किसानों के खाते में डालेंगे। इसके लिए बिहार के भागलपुर जाएंगे। वहां पर किसानों को सम्बोधित भी करेंगे। यहीं से डीबीटी के जरिए सीधे किसानों के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे। धमतरी जिले के 1 लाख 1 हजार 109 किसानों के खाते में सम्मान निधि के रूप में 22 करोड़ 75 लाख रुपए आएंगे। उल्लेखनीय है कि कई किसानों ने ई-केवाईसी और आधार लिंक सहित अन्य औपचारिकता पूरी नहीं की है। इस बार उनकी किस्त अटकने की आशंका है।

## स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने लिया लाभ

**सांकरा**। हाईस्कूल सांकरा में 16 से 19 फरवरी तक 51 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री साधुमार्गी जैन संघ सांकरा नगरी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रखा गया। 18 फरवरी को आयोजित इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ नवकार महामंत्र जाप एवं गायत्री मंत्र से हुआ। शिविर में लगभग 509 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। जरूरतमंदों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

# निर्माण कार्य में लगे मजदूर की पुलिया से गिरकर हुई मौत

**धमतरी**। निर्माण कार्य में लगे मजदूर की पुलिया से गिरकर मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम बेदवापथरा के पास पुलिया निर्माण का काम चल रहा है। धनंजय सिंह उम्र 27 वर्ष झारखण्ड निवासी शनिवार को पुलिया में मजदूरी कर रहा था। काम के दौरान युवक लगभग 1 मीटर की ऊंचाई से जमीन पर गिर गया। घटना में युवक के सीने में बायीं तरफ चोट लगी थी। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
Dental & Cosmetic Treatments
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Hub of opportunity at Avinash Chitwan, Kachna
Boulevard
SHOP | RETAIL | OFFICE | F & B | BOUTIQUE
LAUNCHING TODAY



avinash CHITWAN
99075 88444
www.avinashgroup.com | rera.cgstate.gov
28+ Years of Experience
59 Real Estate Projects
15000+ Happy Customers

**खबर संक्षेप**

### कमलवंशी कंवर समाज का वार्षिक अधिवेशन 27 से

**पुरी।** कमलवंशी कंवर समाज का वार्षिक अधिवेशन ग्राम भैंसातारा में 27, 28 फरवरी को रखा गया है। समाज द्वारा कलश यात्रा, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, देव स्थापना तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। सामाजिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जायेगा। नये पदाधिकारियों का चयन किया जायेगा। सामाजिकजनों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### पुरी में मानसगान प्रतियोगिता 24 से

**पुरी।** महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम पुरी में छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता 24 एवं 25 फरवरी को रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 3025, द्वितीय पुरुस्कार 2025, तृतीय पुरस्कार 1525 रु. रखा गया है। शुभारंभ अवसर के अतिथि डॉ रामेश्वर यादव, भीमराज साहू, भारत कोसरिया, विजय कुमार ध्रुव तथा समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि नरेंद्र साहू होंगे। अध्यक्षता बालाराम साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि मायाराम धुर्वे सेनि तहसीलदार, श्रवण कोसरिया सेनि शिक्षक होंगे। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोकप्रयाग राजिम ऑर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी।

### धमतरी निगम सभापति के लिए विधायक मोतीलाल पर्यवेक्षक नियुक्त



■ पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पार्षदों से चर्चा करेंगे

**धमतरी।** भाजपा प्रदेश संगठन ने राज्य के सभी 10 नगर निगम के लिए सभापति बनाने पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर दी है। पर्यवेक्षक सभापति का नाम तय करेंगे। धमतरी के लिए विधायक मोतीलाल साहू को पर्यवेक्षक बनाया गया है। वे धमतरी पहुंचकर भाजपा संगठन से चर्चा कर पार्षदों से वन टू वन बात करेंगे। ज्ञात हो कि धमतरी निगम में भाजपा के महापौर और 27 पार्षद चुनकर आए हैं। निगम में सरकार भाजपा की ही बननी है। सभापति भी भाजपा पार्षद दल के वरिष्ठ व कर्मठ कार्यकर्ता ही बनेंगे। श्री साहू धमतरी पहुंचकर कार्यकर्ताओं एवं विजयी पार्षदों की नब्ज टटोलेंगे। धमतरी में सभापति बनने के लिए आधा दर्जन पार्षद कतार में हैं। सभापति का पद संवैधानिक होता है। गरिमा के इस पद पर किसी योग्य व्यक्ति को ही बिठाया जाएगा। सभापति चुनने के लिए कई मापदंड का पालन किया जायेगा।

आज सैकड़ों किसान उनके मार्गदर्शन में आधुनिक खेती कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे

# 'अरुण' आधुनिक कृषि क्रांति के अग्रदूत बने

**विकासखण्ड नगरी के सफल कृषकों ने हरिभूमि से साझा किए अपने सफलता के अनुभव**



सतीश साहू | प्रशांत साहू | नीलम ठाकुर | भुवनेश्वर साहू | प्रवीर साहू

### कृषि में नवाचार से आत्मनिर्भर होंगे किसान : सार्वा



छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के जिला अध्यक्ष अरुण सार्वा सिहावा विधानसभा क्षेत्र में किसानों के लिए आधुनिक कृषि क्रांति के अग्रदूत बन चुके हैं। उन्होंने किसानों को नई तकनीकों, जल प्रबंधन, उन्नत बीजों और कृषि यंत्रों से जोड़ा, जिससे खेती अब केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि एक लाभकारी व्यवसाय बन चुकी है। उनकी मेहनत और मार्गदर्शन से नगरी क्षेत्र के सैकड़ों किसान अब आत्मनिर्भर बन रहे हैं और आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। खेती में उनका योगदान एक नई दिशा दे रहा है, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र के किसान समृद्धि की ओर तेजी से आगे बढ़ सकेंगे। अरुण सार्वा ने कहा कि मैं किसानों को कृषि कार्य में आधुनिक तकनीक प्रयोग करने और सिखाने में उनका सहयोग इसलिए करता हूं क्योंकि जब वे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनेंगे तो उनका आर्थिक सशक्तिकरण होगा, जिससे न केवल उनका जीवन बदलेगा, बल्कि राष्ट्र की समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि एक ही प्रकार की फसल पर निर्भरता कम कर विविध फसलों की खेती से किसानों की आमदनी बढ़ेगी। आयात घटेगा और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। जब भारत के किसान संपन्न होंगे, तो देश भी मजबूत होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान देगा। आगे कहा कि कृषि केवल आजीविका नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है। जब युवा इसे व्यवसाय के रूप में अपनाएंगे, तो स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और बेरोजगारी दर में कमी आएगी। यही कारण है कि मैं किसानों को जागरूक करने और उनका सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहता हूं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आज की खेती केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक और सुनियोजित कार्य बन चुकी है। खेती में आधुनिक तकनीकों, सही फसल प्रबंधन और नए उपकरणों के उपयोग से किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकते हैं। इस दिशा में छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के जिला अध्यक्ष अरुण सार्वा एक मजबूत मार्गदर्शक बने हैं। अरुण सार्वा ने किसानों को पारंपरिक तरीकों से हटकर नवीनतम कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ड्रिप सिंचाई, मिश्रित बीज, मल्चिंग और उन्नत कृषि उपकरणों के उपयोग पर विशेष बल दिया, जिससे किसान अधिक मुनाफा कमा रहे हैं।

#### कम लागत में अधिक उत्पादन

ग्राम सांकरा के कृषक सतीश साहू ने हमारे संवाददाता से चर्चा करते हुए कहा कि पहले हम पारंपरिक तरीके से खेती करते थे, जिससे उत्पादन में कई दिक्कतें आती थीं। अरुण सार्वा ने हमें बताया कि फसल चक्र, सिंचाई प्रबंधन और उन्नत बीजों का सही उपयोग कैसे किया जाए। उनके मार्गदर्शन से मैंने कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया।

#### आमदनी बढ़ी

नगरी के कृषक प्रशांत साहू ने कहा कि अरुण सार्वा के सुझावों से मैंने फसल की सही समय पर बुवाई और सिंचाई तकनीकों को अपनाया। इससे न केवल पैदावार बढ़ी, बल्कि फसल को रोगों से बचाने में भी मदद मिली। आज मेरी आमदनी में बड़ा इजाफा हुआ है।

#### खेती में सबसे जरूरी प्रबंधन

महिला कृषक श्रीमती नीलम ठाकुर ने बताया कि खेती में सबसे जरूरी है सही योजना और प्रबंधन। श्री सार्वा ने हमें यह सिखाया कि खेती को किस तरह व्यवस्थित करें, ताकि हम पूरे साल अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकें। उनकी सलाह पर मैंने फसल चक्र अपनाया और आधुनिक यंत्रों का उपयोग शुरू किया, जिससे श्रम भी कम हुआ और उत्पादन भी बढ़ा। आज मैं खेती से अच्छी आमदनी कमा रही हूं।

#### मृदा परीक्षण जरूरी

सांकरा के कृषक भुवनेश्वर साहू ने बताया कि फसल की सही देखभाल और पोषण के लिए उन्नत खाद प्रबंधन और मिट्टी परीक्षण बहुत जरूरी है।श्री सार्वा ने हमें मृदा परीक्षण कराकर संतुलित उर्वरकों के उपयोग के बारे में बताया, जिससे फसल की सेहत भी अच्छी बनी रहती है और लागत भी कम आती है।

#### कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के जरिए बेच रहे उपज

ग्राम सांकरा के ही प्रवीर साहू ने बताया कि खेती करने के बाद सबसे बड़ी समस्या होती थी उचित मूल्य प्राप्त करना। श्री सार्वा ने हमें सीधे मंडी से जुड़ने और कृषि विपणन के नए तरीकों के बारे में बताया। अब हम कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के जरिए अपनी उपज बेच रहे हैं, जिससे हमें अच्छी कीमत मिल रही है।

## बीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण



■ ब्लू प्रिंट के आधार पर आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराने शिक्षकों को किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शनिवार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी अमित तिवारी ने विभिन्न शालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हायर सेकेंण्डरी रूद्री में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत बच्चों से आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में चर्चा कर ब्लू प्रिंट के आधार पर तैयारी कराने कहा। इसके बाद संलग्न शाला शासकीय माध्यमिक शाला रूद्री का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाला में चार में से केवल दो शिक्षक ही उपस्थित मिले। एक शिक्षक निर्वाचन ड्यूटी में गये थे तथा एक शिक्षिका श्रीमती शैल सिन्हा हाफ डे का लिखित आवेदन देकर बिना स्वीकृति के गायब मिली। शासन का स्पष्ट निर्देश है कि पोर्टल में केवल ऑनलाइन माध्यम से ही अवकाश आवेदन प्रस्तुत कर स्वीकृति उपरांत ही अवकाश ले सकेंगे। 5वीं एवं 8वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों का ब्लू प्रिंट के माध्यम से अभ्यास कराते हुए तीन बार टेस्ट लिया जाना है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षिकाओं से चर्चा करने पर पाया कि उनके द्वारा आज पर्यन्त ब्लू प्रिंट आधारित परीक्षा तैयारी के लिए अभ्यास नहीं कराया गया है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। शाला में कार्यरत शिक्षिका कीर्ति चन्द्राकर ने अपनी डेली डायरी में केवल पुनरावृत्ति एवं अभ्यास कराया गया, लिखा हुआ था, जो सही नहीं है।

बीईओ श्री तिवारी ने बताया कि शिक्षा गुणवत्ता और परीक्षा तैयारी व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा स्कूलों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। शिक्षकों को प्रतिदिन विद्यालय में समय पर उपस्थिति के साथ अध्ययन, अध्यापन कार्य बेहतर करने की सख्त हिदायत दी गई है।



## महापौर ने सीएम के दीर्घायु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में जाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। साथ ही उनकी उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

## रामकुमार सारंगपुरी सरपंच चुने गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत ग्राम सारंगपुरी में 17 फरवरी को पंच सरपंच, जनपद एवं जिपं सदस्य के लिए चुनाव हुआ। ग्रामीण मतदाताओं ने बढ़- चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां सरपंच पद के लिए चार प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे थे जिसमें रामकुमार यादव सर्वाधिक मत प्राप्त कर सरपंच चुने गए। उसके बाद गांव में आभार रैली निकालकर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया गया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में लोहरसी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम पोटियाडीह में क्रिकेट क्लब और ग्रामवासियों द्वारा छह दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि सनातन सेना प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती शिवबती, शिशुपाल जांगड़े, मोहन साहू, गोल्डी जैन एवं पंच थे। आयोजन में विजेता लोहरसी की क्रिकेट टीम और उपविजेता साल्हेवारपारा धमतरी बना।

पुरस्कार वितरण के पश्चात दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बल्कि उन प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक सशक्त मंच की आवश्यकता है। क्रिकेट पूरे देश में एक सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है।

आईपीएल शुरू होने से छोटे शहरों और गांवों के खिलाड़ियों को भी विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। आज के युवा क्रिकेट को एक करियर के रूप में चुन सकते हैं। श्री ठाकुर ने आगे कहा कि हम सभी को गांव को नशामुक्ति, अपराध मुक्त बनाने की आवश्यकता है। मौके पर नूतन ध्रुव, तेजप्रताप साहू, राजीवगिरी गोस्वामी, ईश्वर साहू, आत्माराम साहू, अंकुरपुरी गोस्वामी, सेवकराम आचार्य, पंकज साहू, मोहित साहू, रूपेश यादव, ईश्वर यादव, धर्मेंद्र नागरची समेत अन्य मौजूद थे।

## शहर के चार वार्डों में लगी सफाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के 40 वार्डों में मूलभूत समस्याओं के त्वरित निदान व सफाई चौपाल का आयोजन 20 फरवरी से 5 मार्च तक किया जा रहा है। सुबह 7 से 10 बजे तक निगम अमला के साथ नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने शामिल होकर सहयोग किया। सफाई अभियान का शुभारंभ शहर के सदर उत्तर, बनियापारा, हटकेशर सहित शीतलापारा वार्ड में किया गया। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि हम सबको मिलकर स्वच्छ धमतरी, स्वस्थ धमतरी बनाना है। धमतरी को प्रदेश का सबसे सुंदर व विकसित शहर बनाना है। इस उद्देश्य को बिना सामूहिक प्रयास के प्राप्त नहीं किया जा सकता। इस महाअभियान में सबका सहयोग आवश्यक है।

## धूलमुक्त शहर बनाने रोज एक घंटे कर रहे श्रमदान

■ तीसरे दिन मां विंध्यवासिनी मंदिर से नहरनाका चौक तक सफाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी







धमतरी एक लंबे अर्से से धूल-राखड़ का शहर बन गया है। धूल के गुबार से हर कोई परेशान है। शहर का कोई भी क्षेत्र धूल से अछूता नहीं है। धूल अब शहर की पहचान बन गई है। इससे लोग बीमारियों का शिकार हो गए हैं। जिला एवं निगम प्रशासन इस ओर कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बना सका, नतीजन लोगों को धूल के बीच रहकर काम करना पड़ रहा हे। धूल से आंखों और फेफड़ों, त्वचा संबंधी बीमारी बढ़ रही है।

धूल से परेशान होकर शहर के नागरिक टीम बनाकर नगर की सफाई करने में जुट गए हैं। इस अभियान से लोग जुड़ते जा रहे हैं। एक घंटे श्रमदान करते हैं। शहर के नागरिक हरलाल साहू, शैलेष चंद्राकर, राजू तिवारी, शिवाजी साहू, नोहर देवांगन, धरम साहू, चंद्रशेखर पदमवार आदि ऐसे लोग हैं जो 20 से 25 लोगों की टीम बनाकर शहर को साफ रखने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने बताया कि सफाई अभियान के तीसरे दिन मां विंध्यवासिनी मंदिर से नहरनाका चौक तक सफाई की। सड़क के किनारे पड़े धूल, मिट्टी, कचरा को झाड़ू लगाकर साफ किया। इसके बाद सिहावा रोड, रायपुर रोड, अंबेडकर चौक रोड, सदर बाजार, रूद्री रोड, गोकुलपुर रोड आदि क्षेत्र की सफाई की जाएगी। उनका कहना है कि वे शहर को धूलमुक्त बनाएंगे। इस अभियान में अन्य नागरिकों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

लोग स्वयं इस अभियान से जुड़ने लगे हैं। सफाई अभियान प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चल रहा है। इस अभियान में जिला एवं निगम प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है। वे चाहते हैं कि इस सफाई अभियान के पुण्य कार्य में सभी नागरिक जुड़े। लोग धूल, राखड़ से परेशान हैं। घरों और दुकानों में धूल की परत जम रही है। उनका कहना है कि शासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। सड़कों को धूलमुक्त बनाने ठोस कार्ययोजना पर काम करना चाहिए। सफाई के लिए जनजागरूकता अभियान साल भर होना चाहिए।

## आकाश ने सीएम साय से की मुलाकात

■ जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं, धमतरी आने का दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भाजयुमो नेता आकाश पांडे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजधानी के निज निवास में भेंटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए गुलदस्ता भेंट किया। श्री पांडे ने मुख्यमंत्री को धमतरी आने का न्योता दिया। शहर विकास के लिए उन्होंने बड़े प्रोजेक्ट के संबंध में सीएम का ध्यानाकर्षण कराया। सीएम श्री साय ने श्री पांडे के आग्रह पर धमतरी आने का आश्वासन दिया एवं शहर विकास में फंड की कमी नहीं होने देने का वादा किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी उपस्थित थे।

### रोपे गए अमरुद के पौधे में फल आने लगे

**नगरी।** माध्यमिक शाला महमल्ला मॉल के किचन गार्डन में बच्चों ने अमरूद, आम, पपीता जैसे फलदार पौधों का रोपण किया था। वर्तमान में अमरुद का पेड़ तैयार हो गया है। फल आने लगे हैं। इससे बच्चों को लाभ मिल रहा है।

## पोटियाडीह में भजन गायन प्रतियोगिता एवं मेला

■ हवाई झूला, ब्रेकडांस झूला, ड्रेगन झूला, मिकी माउस, मौत का कुआं होगा मेला का आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

श्री अमरेश्वर महादेव मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम पोटियाडीह में राज्य स्तरीय लोकगीत एवं भजन गायन प्रतियोगिता, मेला महोत्सव का आयोजन 25 फरवरी को किया गया है।

एकल गायन में प्रथम पुरस्कार 10000, द्वितीय पुरस्कार 5000, तृतीय पुरस्कार 3000 रूपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क 201 रुपये है। युगल गायन में प्रथम पुरस्कार 15000, द्वितीय पुरस्कार 10000, तृतीय पुरस्कार 5000 रूपये है।

प्रवेश शुल्क 301 रुपये निर्धारित है। निर्णायक अनुराग शर्मा लोक संगीत एवं पार्श्व गायक, फागू तारक लोकगीत रचनाकार एवं पार्श्व गायक, जितेंद्र साहू संगीतकार एवं संचालक, तीजन एवं भूषण पटेल लोकगीत गायक होंगे।

26 फरवरी को भंडारा एवं रामायण कार्यक्रम रखा गया है। 27 फरवरी को पुरस्कार वितरण एवं सोनहाबादर का कार्यक्रम होगा। मेला का मुख्य आकर्षण हवाई झूला, ब्रेकडांस झूला, ड्रेगन झूला, मिकी माउस, मौत का कुआं होगा।

इसकी जानकारी समिति के सदस्य शिवशंकर साहू, ईश्वर साहू, गोपेश्वर साहू, दीनबंधु देवांगन, डिगेश्वर सिन्हा, बीरेंद्र साहू ने दी है।

डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फोन : 98271 43060/8871003060

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025,
09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते हैं।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020